बिहार लोक सेवा आयोग,
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना

<u>आवश्यक सूचना–सह–दिशा निर्देश</u>

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार के अधीन राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित **वि.सं. 07/2022 (कम्प्यूटर साईंस एण्ड इंजी.) के अंतर्गत दिनांक 27.11.2023 से 01.12.2023 तक** आयोजित साक्षात्कार में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि उनके औपबंधिक एकेडमिक अंक/अनुभव अंकों की गणना आयोग के वेबसाईट पर प्रकाशित है, जिसे उम्मीदवार अपना User ID & Password (जो इस विज्ञापन के ऑनलाईन आवेदन फार्म भरते समय उम्मीदवारों को मिला था) डालकर देख सकते हैं। एकेडमिक अंक/अनुभव से सम्बन्धित अंकित किये गये अभ्युक्ति के सम्बन्ध में प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियाँ साक्षात्कार के दिन सत्यापन हेतु प्रस्तुत नहीं करने पर उम्मीदवारों की अर्हता/अंक गणना प्रभावित होगी।

यदि किसी उम्मीदवार को अपने एकेडमिक अंक/अनुभव अंक की गणना पर किसी प्रकार की आपत्ति हो, तो आयोग के वेबसाईट पर प्रकाशित निर्धारित आपत्ति प्रारूप को भरकर साक्ष्य सहित सम्बन्धित प्रमाण पत्र केवल अपने साक्षात्कार के दिन सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

2. दिनांक 06.11.2023 से 09.11.2023 तक आयोजित दस्तावेज सत्यापन के दिन उम्मीदवारों द्वारा समर्पित वांछित प्रमाण पत्रों/कागजातों की जाँच प्रकाशित विज्ञापन की शर्त्तों/समय–समय पर प्राप्त विभागीय परामर्श/मार्गदर्शन के आलोक में की गई। जाँचोपरान्त कुल 25 उम्मीदवारों को विज्ञापन संख्या 07/2022 की शर्त्तों को पूरा नहीं करने के कारण अनर्हित पाया गया है। ऐसे उम्मीदवारों की सूची अनर्हता का कारण सहित संलग्न है। उक्त 25 उम्मीदवारों की उम्मीदवारी रद्द की जाती है एवं उनके साक्षात्कार पत्र को रद्द करते हुए उन्हें साक्षात्कार के लिए अयोग्य घोषित किया जाता है। अनर्हित उम्मीदवार अपनी अनर्हता पर आपत्ति होने की स्थिति में दिनांक–25.11.2023 को 10:30 बजे पूर्वाह्न में साक्ष्य सहित आयोग कार्यालय में उपस्थित होंगे। उक्त तिथि को अनुपस्थित उम्मीदवारों के सम्बन्ध में यह मानते हुए अग्रतर कार्रवाई की जायेगी की उन्हें अनर्हता के सम्बन्ध में कोई आपत्ति नहीं है।

23/11/23

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना